भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2141

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

आन्ध्र प्रदेश में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेल अवसंरचना विकास परियोजनाएं

2141. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:
श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:
श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश राज्य में विशेषकर विजयनगरम, विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों में अनुमोदित खेल अवसंरचना विकास परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में विशेषकर विजयनगरम, विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों में उपर्युक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा जिला-वार और वर्ष-वार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई;

(ग) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश राज्य के विजयनगरम, विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों में अनुमोदित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और क्या वे पूरी हो गई हैं, चल रही हैं या विलंबित हैं और निधि के उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विजयनगरम, विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों में खेलो इंडिया योजना परियोजनाओं के कार्यान्वियन में कोई चुनौती आई है अथवा विलंब हुआ है और इसके क्या कारण थे; और

(ङ) क्या आंध्र प्रदेश राज्य के विजयनगरम, विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत नई खेल अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव लंबित हैं और उनके लंबित होने के क्या कारण हैं ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): आंध्र प्रदेश के विजयनगरम, विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं, स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के तहत अनुमोदित परियोजनाओं को उनकी प्रशासनिक स्वीकृति की तारीख से दो वर्षों के भीतर पूरा करने की परिकल्पना की गई है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में कुल दस खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन 10 परियोजनाओं में से तीन परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं । इसके अलावा, सात परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है ।

(ङ) जी नहीं।

*****